Regarding Raja Bhoj memorial in Bhopal

श्री आलोक शर्मा (भोपाल) : माननीय सभापति महोदया, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ ।

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि सरकार की राष्ट्रीय संस्कृति निधि के अंतर्गत भोपाल में राजा भोज के नाम पर शोध संस्थान बनाने का विचार है? यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है? यदि नहीं, तो राजा भोज के नाम पर भोपाल में कब तक शोध संस्थान स्थापित किया जाएगा?

माननीय महोदया, भोपाल का एक हजार साल का गौरवशाली इतिहास है, भोपाल की गौरवशाली संस्कृति है । हमारा भोपाल राजा भोज का भोपाल है, हमारा भोपाल सम्राट अशोक का भोपाल है, हमारा भोपाल चन्द्रगुप्त मौर्य का भोपाल है, हमारा भोपाल प्रतिहार वंशों का भोपाल है, हमारा भोपाल रानी कमलापति गौंड का भोपाल है । भोपाल की वास्तविक विरासत को विश्व पटल पर लाने हेतु सरकार की क्या कोई कार्य-योजना है? कृपया यह बताने की कृपा करें ।